# 21 -सबसे उजला

3T9Y1A

सम्राट अकबर का दरबार लगा हुआ था। दरबार के आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने के बाद अकबर ने दरबारियों से प्रष्न किया, ‘‘क्या आप बता सकते हैं कि दुनिया में सबसे उजला क्या है ?‘‘

दरबारी थोड़ी देर विचार करते रहे, फिर उनमें से एक ने कहा, ‘‘जहाँपनाह! दुनिया में सबसे उजली वस्तु रूई है।‘‘ एक अन्य दरबारी बोला, ‘‘दुनिया में सबसे उजली वस्तु दूध है।‘‘

फिर तो रूई और दूध दोनों में अधिक उजली वस्तु कौन सी है, इस पर जोरदार बहस होने लगी। यह देखकर बीरबल को हँसी आ गई। अकबर ने बीरबल को हँसते देखकर कहा, ‘‘बीरबल, तुम्हें हँसी क्यों आ रही है ? क्या तुम इस प्रश्न के बारे में कुछ कहना चाहते हो?

बीरबल ने कहा, ‘‘महाराज! मैं तो मानता हूँ कि दुनिया में प्रकाष सबसे अधिक उजला है।‘‘ अकबर ने कहा, ‘‘वह कैसे ? क्या तुम अपनी बात को सिद्ध कर सकते हो ?’’ बीरबल ने कहा, ‘‘अवश्य, जब समय आएगा तब मैं इस बात को सिद्ध कर दूँगा।‘‘

कुछ दिनों के बाद बीरबल बादषाह से मिलने महल में गए। बादषाह सिर पकड़कर बैठे हुए थे। बीरबल ने पूछा, ‘‘क्या हुआ जहाँपनाह?‘‘ अकबर ने कहा, ‘‘मेरे सिर में बहुत दर्द है। इसलिए मुझे कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा है।‘‘ बीरबल ने कहा, ‘‘कई बार अधिक प्रकाष में रहने के कारण ऐसा होता है। आप थोड़ी देर के लिए सिर पर कपड़ा बाँध कर सो जाइए। मंै इस कमरे के दरवाजे और खिड़कियाँ बंद कर देता हूँ।‘‘



अकबर सिर पर पड़ा बाँध कर सो गए। अकबर के सो जाने पर बीरबल ने कमरे में दरवाजे के पास रूई का ढेर लगा दिया। रूई के ढेर के पास ही एक पतीली में दूध भरकर रख दिया। खिड़की-दरवाजे बंद करने के बाद बीरबल कमरे के बाहर जाकर बैठ गए।

कमरे के सभी दरवाजे-खिड़कियाँ बंद होने के कारण कमरे में अँधेरा हो गया इसलिए अकबर को अच्छी नींद आ गई। जब वह जागे तो सिर दर्द हल्का हो गया था। वे कमरे से बाहर निकलने के लिए खड़े हुए। अँधेरे में दरवाजा खोजते-खोजते उनका पैर रूई के ढेर पर पड़ गया। वे वहाँ से कुछ हटकर जाने लगे तो दूध की पतीली से टकरा गए। जैसे-तैसे उन्होंने दरवाजा खोला। दरवाजे के पास रूई का ढेर और दूध की पतीली देखकर अकबर चैंक गए।

बाहर आकर अकबर ने बीरबल से पूछा, ‘‘यह सब क्या तमाषा है बीरबल ? कमरे में रूई और दूध की पतीली क्यों रखवाई है ?‘‘

बीरबल ने कहा, ‘‘जहाँपनाह! दरवाजा और खिड़कियाँ बंद करने से कमरे में अँधेरा हो गया था। आप अँधेरे में दरवाजा ठीक से देख सकें, इसलिए मैंने दो उजली वस्तुएँ आपके कमरे में रखवा दी थीं।‘‘

अकबर ने कहा, ‘‘यह क्या बात हुई भला ? कोई वस्तु चाहे जितनी भी उजली हो पर जब तक उस पर प्रकाष नहीं पड़ता, तब तक उसे कैसे देखा जा सकता है ?‘‘

बीरबल ने कहा, ‘‘जहाँपनाह! एक महीने पहले आपके प्रश्न के उत्तर में मैंने भी आपसे यही कहा था। तब आप मेरी बात नहीं मान रहे थे। अब आपको विष्वास हो गया न कि दुनिया में सबसे अधिक उजला प्रकाष ही है।‘‘

## अभ्यास

## शब्दार्थ-

दरबार = राजसभा ,विश्वास = भरोसा

जहाँपनाह = बादशाह के लिए संबोधन ,दरबारी = सभा का सदस्य

1. **बोध प्रश्न**: उत्तर लिखिए -

(क) अकबर ने दरबारियों से क्या प्रश्न पूछा ?

(ख) उजली वस्तु के बारे में दरबारियों ने अकबर को क्या-क्या उत्तर दिए ?

(ग) दरबारियों के उत्तर सुनकर बीरबल को हँसी क्यों आ गई ?

(घ) अकबर के सिरदर्द को कम करने के लिए बीरबल ने क्या उपाय सुझाया ?

(ङ) बीरबल ने अपनी बात कैसे सिद्ध की ?

2. किसने किससे कहा ?

- ''दुनिया की सबसे उजली वस्तु दूध है।''
- ''महाराज! मैं तो मानता हूँ कि दुनिया में प्रकाश सबसे अधिक उजला है।''
- ''कोई वस्तु चाहे जितनी उजली हो पर जब तक उस पर प्रकाश नहीं पड़ता, तब तक उसे कैसे देखा जा सकता है ?''
- कमरे में अँधेरा हो गया था। आप अँधेरे में दरवाजा ठीक से देख सकें, इसलिए मैंने दो उजली वस्तुएँ आपके कमरे में रखवा दी थीं।''

3. **सोच-विचार**: बताइए -

(क) अगर दो-तीन दिनों तक सूरज न दिखाई दे तो क्या-क्या कठिनाई होगी?

(ख) अँधेरा होने पर लोग उजाले के लिए क्या-क्या करते हैं ?

(ग) इस पाठ का शीर्षक है 'सबसे उजला', आप इस पाठ को क्या शीर्षक देंगे ?

4. **भाषा के रंग** -

(क) नीचे लिखे शब्दों को एक ही वाक्य में प्रयोग करके लिखिए -

जैसे - अँधेरा, दूध - अँधेरा होने पर मैंने दूध पिया।

- रुई, दरवाजा - ............
- पतीली, खोजते - .........
- दुनिया, काम - .........

(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के विलोम शब्द से वाक्य पूरा कीजिए -

( अविश्वास, भारी, पैर, प्रकाश )

- रात होते ही चारों ओर ....फैल जाता है।
- सिर दर्द होने पर बीरबल ने सलाह दी कि ... पर कपड़ा बाँधकर थोड़ी देर के लिए सो जाइए।
- थोड़ी देर सोने के बाद अकबर का सिर दर्द ...... हो गया।
- बीरबल की बात पर अंत में बादशाह को ....... हो गया।

5. **अब करने की बारी** -

बीरबल की चतुराई के किस्से बहुत प्रसिद्ध हैं -

(क) आप भी एक ऐसा ही किस्सा ढूँढ़िए, जिसमें बीरबल अपने उत्तर से सबको आश्चर्य में डाल देते हैं।

(ख) बीरबल की तरह बहुत से अन्य व्यक्तियों की हाजिर-जवाबी के किस्से प्रसिद्ध हैं? उनके नाम पता कीजिए।

(ग) इस प्रसंग पर अपनी कक्षा में अभिनय कीजिए।

6. **मेरे दो प्रश्न**: पाठ के आधार पर दो सवाल बनाइए -

7. **इस कहानी से** -

(क) मैंने सीखा - ................

(ख) मैं करूँगी/करूँगा - ..............

# कितना सीखा-4

1. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) दहीबड़ा किस प्रकार बनाते हैं ?

(ख) मोहम्मद साहब ने लोगों को क्या शिक्षा दी ?

(ग) श्रुति को समझदार क्यों कहा गया है ?

(घ) बीरबल ने किस आधार पर प्रकाश को सबसे उजला बताया ?

(ङ) महात्मा गांधी लोगों से क्या कहते थे ?

2. कविता पंक्तियों को आगे बढ़ाइए -

डाली पर मुस्काते फूल,

कितना मन को भाते फूल।

.............

3. नीचे लिखे वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए -

(क) जो उचित-अनुचित का विवेक रखता हो- .....

(ख) जो पढ़ा-लिखा हो- ........

(ग) जो पढ़ा-लिखा न हो- ........

(घ) वाहनों को चलाने वाला- ...........

4. दोनों शब्दों को मिलाकर लिखिए -

राजा का दरबार = ...........

धन से हीन = ....................

सेना का पति = .................

माखन को चुराने वाला = .........

वीरों की भूमि = ..................

रस से भरा = .................

5. उपयुक्त शब्दों का चयन कर वाक्यों को पूरा कीजिए -

(मौसी, मित्र, चाचा, बहिन जी)

(क) प्रतिभा ने बूढ़े मोची से पूछा- ”....... आप का घर कहाँ है ?“

(ख) रीना ने रजिया से कहा- ”....... आज खेलने का मन कर रहा है।“

(ग) विपिन ने अपनी माँ की बहिन को पुकारा, ”.......... यहाँ आइए।”

(घ) सुधा ने अपनी शिक्षिका से कहा- “......मैंने काम पूरा कर लिया है।“

6. उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए -

तरह तरह के चहचहाते पक्षी आसमान में उड़ते हुए अठखेलियाँ करते हैं रंग बिरंगी तितलियाँ खिले फूलों पर मँडराती दिखाई देती हैं

7. नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध कीजिए -

(क) मैदान में अनेकों बच्चे दौड़ रहे थे।

(ख) एक पेंसिल का मूल्य सिर्फ दो रुपये मात्र है।

(ग) पेड़ों में पक्षी चहचहा रहे थे।

(घ) मैं ठीक समय पर पहुँच गया था; तो वह नहीं मिला।

(ङ) अभिषेक को अमजद ने पत्र लिखें।

8. अपने घर में मनाए गए किसी त्योहार के बारे में 10 बातें लिखिए।

9. कोई एक कहानी सुनाइए जो आपने अपने दादा-दादी अथवा नाना-नानी से सुनी हो।

10. याद की गई कोई कविता सुनाइए।

# अपने आप - 4

**चित्र आधारित कथा लेखन**



दिए गए चित्रों को ध्यानपूर्वक देखिए। प्रत्येक चित्र के आधार पर एक-एक अनुच्छेद इस क्रम में लिखिए कि एक कहानी का रूप बनता जाए।

# पुनरावृत्ति

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए** -

(क) प्रातः कालीन दृश्यों का वर्णन कीजिए।

(ख) 'बोलने वाली गुफा' कथा से हमें क्या सीख मिलती है ?

(ग) महात्मा गांधी पर 'श्रवण कुमार' की कथा तथा 'सत्य हरिश्चंद्र' नाटक का क्या प्रभाव पड़ा ?

(घ) महात्मा गांधी की 'आत्मकथा' की चार बातें लिखिए जो आपको अच्छी लगीं।

(ङ) 'हाँ में हाँ' लोक-कथा में किस बात की ओर संकेत किया गया है ?

(च) 'मलेथा की गूल' कहानी किस बात का जीता जागता उदाहरण है ?

(छ) झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के लिए श्रुति ने क्या किया ?

(ज) अकबर के सो जाने पर बीरबल ने दरवाजे के पास रुई का ढेर और दूध से भरी पतीली को क्यों रख दिया था ?

2. **सुनाइए -**

(क) बाल गंगाधर तिलक और लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध कथन।

(ख) वीर अभिमन्यु की कथा को अपने शब्दों में।

(ग) पाठ्य पुस्तक की कोई कविता हाव-भाव के साथ।

3. **नीचे लिखी पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए** -

(क) जहाँ ज्ञान तहँ धर्म है, जहाँ झूठ तहँ पाप।

जहाँ लोभ तहँ काल है, जहाँ छिमा तहँ आप।।

(ख) बड़े बड़ाई न करै, बड़े न बोलै बोल।

रहिमन हीरा कब कहे, लाख टका मो मोल।।

(ग) "परमारथ के कारने साधुन धरा शरीर"।

(घ) जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।

4. निम्नांकित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए -

सपना, अमोल, वृच्छ, मोल, छिमा, हिरदै

5. (क) संज्ञा शब्दों को विशेषण (ख) विशेषण शब्दों को संज्ञा

शब्दों में बदलकर लिखिए- शब्दों में बदलकर लिखिए-

सरलता ............................

अनुकरणीय ............................

रोग ............................

भला ............................

सुख ............................

कठोर ............................

कल्पना ............................

दयालु ..........................

नकल ..........................

स्वतंत्र ..........................

6. नीचे लिखे अव्यय शब्दों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाइए -

और, अब, वहाँ, किंतु, परंतु, यदि

7. नीचे लिखे मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

- हक्का-बक्का रह जाना। स घी के दिये जलाना।
- पानी-पानी होना। स दाँत खट्टे करना।

8. नीचे दिए गए उपसर्गों से बनने वाले दो-दो शब्द लिखिए -

प्र, वि, आ, अनु, सु

9. एक-एक वाक्य बनाइए जिसमें-

(क) विशेषण शब्द का प्रयोग हो।

(ख) क्रिया-विशेषण शब्द का प्रयोग हो।

(ग) सर्वनाम शब्द का प्रयोग हो।

(घ) अव्यय शब्द का प्रयोग हो।

10. ऐसे वाक्यों की रचना कीजिए जिनमें -

(क) प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग हो।

(ख) विस्मय बोधक चिह्न का प्रयोग हो।

(ग) अल्प विराम तथा पूर्ण विराम-चिह्न का प्रयोग हो।

(घ) दोहरा अवतरण चिह्न का प्रयोग हो।

11. नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध कीजिए -

(क) हिमालय के तलहटी में एक राजा बसता था।

(ख) मेरा विनती है कि आप यह विचार त्याग दें।

(ग) बच्चे कल शाम खेलते हैं।

(घ) बेर के फूल बहुत छोटा होता है।

12. अपने मित्र को किसी उत्सव में सम्मिलित होने के लिए पत्र लिखिए।

13. आठ पंक्तियों की कोई कविता लिखिए जो इस इस पाठ्य पुस्तक में न हो।

14. संक्षेप में वर्णन कीजिए, जब आप -

(क) किसी मेले में गए।

(ख) विद्यालय के किसी उत्सव में सम्मिलित हुए।

(ग) किसी रिश्तेदार के घर गए।

15. निम्नलिखित अंश में उचित विराम-चिह्न लगाइए -

सरोज ने मामा से पूछा मामा हम कहाँ आए हैं मामा ने कहा यह सारनाथ है सरोज आश्चर्यचकित होकर बोली वाह कितनी सुंदर जगह है यहाँ का पार्क स्तूप भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति तथा सादगी देखने लायक है

16. पर्यावरण की रक्षा में आज तक आपने क्या सहयोग दिया है ? संक्षेप में लिखिए।

17. अपने स्कूल और आस-पड़ोस को साफ-सुथरा रखने के लिए आप क्या-क्या कर सकते हैं ?

18. निर्देश के अनुसार प्रश्न बनाइए -

- पाठ संख्या दो पर दो प्रश्न
- पाठ संख्या दस पर तीन प्रश्न
- पाठ संख्या सोलह पर चार प्रश्न